# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,

(महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना) जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी, छत्तीसगढ़

**Email- collector-mmac@cg.gov.in/ drdammac@gmail.com** **Phone No. 07747-299136**


## / /आदेश/ /

क्रमांक /4471/ DRDA / MGNREGA / 2024–25 मोहला–मानपुर–अं.चौकी, दिनांक 17/12/2024

आयुक्त, महात्मा गांधी नरेगा, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्र. 514 / वि–7 / स्था. / MGNREGA/2024–25, दिनांक 08.10.2024 में दिए गए स्वीकृति एवं प्राप्त निर्देशानुसार जिला स्तरीय चयन समिति के अनुमोदन उपरांत की गई अनुशंसा के आधार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिला स्तर पर सहायक परियोजना अधिकारी, समन्वयक(तकनीकी), कम्प्यूटर प्रोग्रामर, लेखापाल के संविदा 01–01 रिक्त पद पर भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन दिनांक 06/01/2025 को अपरान्ह् 5:30 बजे तक कार्यालय परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास प्रशासन, जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी के नाम से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

सहायक परियोजना अधिकारी, समन्वयक(तकनीकी), कम्प्यूटर प्रोग्रामर, लेखापाल के संविदा रिक्त पद पर चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन, पदों की संख्या, निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी तथा आवेदन पत्र प्रारूप जिले के कार्यालय कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं कार्यालय परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास प्रशासन, जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट https://mohla-manpur-ambagarhchowki.cg.gov.in/notice_category/भर्ती/ पर देखा जा सकता है।

Prajapati. 17.12.24

(तुलिका प्रजापति)
कलेक्टर
जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी(छ.ग.)

पृ. क्रमांक /4472/ DRDA / MGNREGA / 2024–25 मोहला–मानपुर–अं.चौकी, दिनांक 17/12/2024

**प्रतिलिपि :–**

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित्।
2. आयुक्त, महात्मा गांधी नरेगा परिषद्, विभागाध्यक्ष कार्यालय विकास भवन, तृतीय तल, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित्।
3. आयुक्त महोदय, दुर्ग संभाग को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित्।
4. परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास प्रशासन, जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी को सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर चस्पा हेतु।
5. जिला सूचना अधिकारी, जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी को सूचनार्थ कर लेख है कि जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करें।
6. जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी को सूचनार्थ कर लेख है कि जिला के समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. जिला रोजगार अधिकारी, जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी को सूचनार्थ एवं सूचना पटल में चस्पा हेतु।

Prajapati.

कलेक्टर
जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी(छ.ग.)

# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,

(महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना) जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी, छत्तीसगढ़
(Email- collector-mmac@cg.gov.in/drdammac@gmail.com)

## संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन

**क्रमांक /4173/ DRDA / MGNREGA / 2024–25** **मोहला–मानपुर–अं.चौकी, दिनांक 17/12/2024**

छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद्, विभागाध्यक्ष कार्यालय, विकास भवन, तृतीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर का पत्र क्रमांक 2514 / वि–7 / स्था. / MGNREGA / 2024, रायपुर, दिनांक 08 / 10 / 2024 पर दिए गए निर्देशानुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जिला स्तर पर रिक्त अधोवर्णित पद हेतु विवरण अनुसार संविदा नियुक्ति हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हताधारी इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 06/01/25 सायं 5:30 बजे तक निर्धारित प्रारूप में सम्पूर्ण अर्हता एवं अनुभव आदि प्रमाण–पत्रों सहित् पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन तथा निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होंगे।

**1. रिक्त पदों की जानकारी परिशिष्ट–01 में दर्शित है।**
**2. शैक्षणिक योग्यता संबंधित जानकारी परिशिष्ट–2 में दर्शित है।**

### परिशिष्ट–01

| क्र. | पदनाम | कुल रिक्त पद | वेतन बैंड | ग्रेड वेतन | लेवल | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक परियोजना अधिकारी | 1 | 15600–39100 | 5400 | 12 | संविदा |
| 2 | समन्वयक(तकनीकी) | 1 | 15600–39100 | 5400 | 12 | संविदा |
| 3 | कम्प्यूटर प्रोग्रामर | 1 | 15600–39100 | 5400 | 12 | संविदा |
| 4 | लेखापाल | 1 | 5200–20200 | 2400 | 6 | संविदा |
| | योग :– | 4 | | | | |

### परिशिष्ट–02

<table>
<tr><th>क्र</th><th>पद का नाम एवं आरक्षण</th><th>पद संख्या</th><th>वेतनमान</th><th>न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता</th><th colspan="2">चयन हेतु मेरिट अंक</th></tr>
<tr><td rowspan="6">1</td><td rowspan="6">सहायक परियोजना अधिकारी<br>(जिला स्तर पर)<table><tr><th>वर्ग</th><th>मुक्त</th><th>महिला</th><th>भूपूसै</th><th>विक</th><th>योग</th></tr><tr><td>अना.</td><td>1</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>1</td></tr><tr><td>अ.पि.व.</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr><tr><td>अ.जा.</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr><tr><td>अ.ज.जा.</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr><tr><td>योग</td><td>1</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>1</td></tr></table></td><td rowspan="6">1</td><td rowspan="6">15600–5400 –39100 (लेवल–12)</td><td rowspan="6">प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर</td><td>स्नातकोत्तर में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए</td><td>70 अंक</td></tr>
<tr><td>कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर</td><td>15 अंक</td></tr>
<tr><td colspan="2">शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :–</td></tr>
<tr><td>न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव</td><td>5 अंक</td></tr>
<tr><td>5 वर्ष तक का अनुभव</td><td>10 अंक</td></tr>
<tr><td>5 वर्ष से अधिक का अनुभव</td><td>15 अंक</td></tr>
<tr><td rowspan="6">2</td><td rowspan="6">समन्वयक (तकनीकी)<br>(जिला स्तर पर)<table><tr><th>वर्ग</th><th>मुक्त</th><th>महिला</th><th>भूपूसै</th><th>विक</th><th>योग</th></tr><tr><td>अना.</td><td>1</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>1</td></tr><tr><td>अ.पि.व.</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr><tr><td>अ.जा.</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr><tr><td>अ.ज.जा.</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td></tr><tr><td>योग</td><td>1</td><td>0</td><td>0</td><td>0</td><td>1</td></tr></table></td><td rowspan="6">1</td><td rowspan="6">15600–5400 –39100 (लेवल–12)</td><td rowspan="6">प्रथम श्रेणी–बी.ई. / बी.टेक (सिविल / कृषि अभियांत्रिकी) उपरोक्त विषयों में उच्चतर अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को प्राथमिकता<br>शैक्षणिक अर्हताओं का प्राथमिकता क्रमः–<br>1. पी.एच.डी.<br>2. एम.ई. / एम.टेक.<br>3. बी.ई. / बी.टेक.</td><td>न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए</td><td>70 अंक</td></tr>
<tr><td>कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर</td><td>15 अंक</td></tr>
<tr><td colspan="2">शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :–</td></tr>
<tr><td>न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव</td><td>5 अंक</td></tr>
<tr><td>5 वर्ष तक का अनुभव</td><td>10 अंक</td></tr>
<tr><td>5 वर्ष से अधिक का अनुभव</td><td>15 अंक</td></tr>
</table>

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | कम्प्यूटर प्रोग्रामर (जिला स्तर पर) | | | | | | 1 | 15600–5400–39100 (लेवल–12) | प्रथम श्रेणी–बी.ई. कम्प्यूटर साइंस / एम.सी.ए. / एम.एस.सी. कम्प्यूटर साईंस एवं डाट नेट टेक्नालाजी / जावा / एम.एस. एस.क्यू.एल. / ओरिकल का ज्ञान | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए | 70 अंक |
| | वर्ग | मुक्त | महिला | भूपूसै | विक | योग | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 अंक |
| | अना. | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | | | शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :– | |
| | अ.पि.व. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | | न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव | 5 अंक |
| | अ.जा. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 अंक |
| | अ.ज.जा. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 अंक |
| | योग | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | | | | |
| 4 | लेखापाल (जिला स्तर पर) | | | | | | 1 | (5200–2400–20200) (लेवल–06) | 55 प्रतिशत में बी. कॉम.(अ.ज.जा. एवं अ.जा. हेतु 50 प्रतिशत में बी.काम.) | हायर सेकेण्डरी में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए | 20 अंक |
| | वर्ग | मुक्त | महिला | भूपूसै | विक | योग | | | | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 100 अंकों का Weightage देते हुए | 50 अंक |
| | अना. | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | | | कम्प्यूटर, प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 अंक |
| | अ.पि.व. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | | शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :– | |
| | अ.जा. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | | न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव | 5 अंक |
| | अ.ज.जा. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 अंक |
| | योग | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 अंक |

**नियम एवं शर्तें**

1. संविदा नियुक्ति शासन द्वारा जारी छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 में निहित शर्तों के अनुसार की जावेगी।
2. संविदा नियुक्ति की अवधि नियुक्ति दिनांक से आगामी 28 फरवरी तक के लिए होगी। तद्पश्चात आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष के लिए निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
3. आयुक्त, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना प्रकोष्ठ, विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर एवं शासन द्वारा समय–समय पर चयन के संबंध में दिशा–निर्देश एवं मापदंडों का पालन किया जायेगा।
4. परिस्थितिवश एवं आवश्यकता अनुसार विज्ञापित पदों की संख्या में कमी या वृद्धि अथवा विज्ञप्ति पूर्ण भाग / आंशिक भाग निरस्त की जा सकती है।
5. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में 1 माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
6. संविदा नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी। बिना किसी पूर्व सूचना के भी आवश्यकता नहीं होने की दशा में सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जा सकती है।
7. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी / कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी भी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।
8. अभ्यर्थी को छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
9. आयु न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी छूट संबंधी आदेश / निर्देश संविदा नियुक्ति के लिए लागू होंगे। आयु की गणना 01 जनवरी 2024 के आधार पर की जावेगी।
10. अजा. / अजजा. / पिछड़ा वर्ग के जाति की पुष्टि के लिए आवेदक को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
11. ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में अनियमितता के आधार पर महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत किसी पद से पृथक किया गया हो अथवा उनकी संविदा सेवा वृद्धि नहीं की गई हो, वे चयन के लिए पात्र नहीं होंगे। गलत जानकारी दिए जाने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी।
12. जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी पश्चात् आवेदकों के कार्य अनुभव एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में निर्धारित अंकों के आधार पर प्रारम्भिक चरण में मेरिट सूची तैयार किया जावेगा। तैयार मेरिट सूची से वरीयता के क्रम में प्रथम 10 अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जावेगा जो 01 अनुपात 10 यानि कि एक पद के विरूद्ध 10 पात्र अभ्यर्थी वरीयता क्रम से कौशल परीक्षा हेतु पात्र होंगे। तदुपरांत अनुभव के अंक, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हेतु निर्धारित अंक एवं कौशल परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर समस्त निर्धारित अंको को जोड़ते हुए अंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन किया जावेगा।
13. सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थी चयन हेतु पात्र होंगे। 5 आवेदकों को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा एवं भविष्य में पद रिक्त होता है तो उसे प्रतीक्षा सूची से भरा जावेगा। प्रतीक्षा सूची अधिकतम 1 वर्ष तक के लिए मान्य होगा।

14. अनुभव अंक हेतु अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियुक्ति आदेश की छायाप्रति एवं वेतन स्लीप संलग्न करना अनिवार्य है। वर्तमान में कार्यरत होने की स्थिति में नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे तथा यदि वर्तमान में कार्यरत नही हैं तो सेवा समाप्ति के कारण का नियोक्ता से प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जावे। वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नही किये जाने पर अनुभव अंक प्रदान नही किया जावेगा।
15. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
16. आवेदक जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा।
17. आवेदक जिनकी दो से अधिक संतान है जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुई हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
18. विज्ञापन आमंत्रण का आशय यह नहीं है कि उक्त पदों पर नियुक्ति बाध्यकारी होगा।
19. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा(संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत् अवकाश की पात्रता होगी।

**आवेदन करने हेतु अनुदेश :–**

1. निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र बंद लिफाफे में केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से **कार्यालय परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास प्रशासन, जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी, पिन–491666** के नाम से **दिनांक /12/2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक** अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित समय–सीमा पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ई–मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2. आवेदक द्वारा आवेदन हेतु समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है।
3. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्र. एफ–9–1/2012/1–3, दिनांक 31 दिसम्बर 2012 के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्तें लागू होगी।
4. लिफाफे के ऊपर पदनाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है का स्पष्ट उल्लेख किया जावे अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है।
5. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा(आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।
6. एक से अधिक पद पर आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन पत्र पृथक–पृथक बंद लिफाफे में रखकर प्रेषित् किया जाना अनिवार्य होगा। एक ही आवेदन पत्र में एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने पर आवेदन स्वमेव निरस्त माना जावेगा जिसका पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
7. एक पद के लिए 1 से अधिक आवेदन प्रस्तुत किए जाने की दशा में आवेदक द्वारा प्रेषित् अंतिम आवेदन ही मान्य होगा।
8. आवेदन पत्र के साथ 5/– रूपये की डाक टिकट लगा हुआ 2 लिफाफा जिसमें आवेदक के पत्र व्यवहार का पूर्ण पता स्पष्ट अक्षरों में लिखा हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
9. आवेदन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी द्वारा निर्धारित प्रारूप में ही जमा किया जावे। आवेदन के साथ आवेदक का फोटो तथा समस्त प्रमाण पत्र/अंकसूची स्वप्रमाणित होना आवश्यक है।
10. किसी भी विवाद की स्थिति में कलेक्टर, जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
11. यदि प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या अधिक होती है तो उच्चत्तर योग्यता के आधार पर बुलाये जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।
12. आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी की वेबसाईट https://mohla-manpur-ambagarhchowki.cg.gov.in से अवलोकन किया जा सकता है। भविष्य में जारी होने वाले आदेश/निर्देश भी जिले के इसी वेबसाईट पर अपलोड किए जाएंगे। पृथक से कोई व्यक्तिगत सूचना जारी नहीं की जावेगी। अतः जिले के वेबसाईट का नियमित अवलोकन अभ्यर्थियों को करना होगा।

17.12.24

(तुलिका प्रजापति)
कलेक्टर
जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी

**पृ. क्रमांक / 4474 / DRDA / MGNREGA / 2024–25 मोहला–मानपुर–अं.चौकी, दिनांक 17 / 12 / 2024**

**प्रतिलिपि :–**

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित्।
2. आयुक्त, महात्मा गांधी नरेगा परिषद्, विभागाध्यक्ष कार्यालय विकास भवन, तृतीय तल, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित्।
3. आयुक्त महोदय, दुर्ग संभाग को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित्।
4. परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास प्रशासन, जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी को सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर चस्पा हेतु।
5. जिला सूचना अधिकारी, जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी को सूचनार्थ कर लेख है कि जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करें।
6. जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी को सूचनार्थ कर लेख है कि जिला के समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. जिला रोजगार अधिकारी, जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी को सूचनार्थ एवं सूचना पटल में चस्पा हेतु।

**कलेक्टर**
**जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| आवेदक का स्वहस्ताक्षरित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो |
|---|

प्रति,

परियोजना निदेशक,
जिला ग्रामीण विकास प्रशासन
जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम :–..........................................................................
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :–..........................................................................
   (अंग्रेजी में) :–..........................................................................
3. पिता / पति का नाम :–..........................................................................
4. लिंग (महिला / पुरुष) :–..........................................................................
5. जन्म तिथि (अंको में) :–..........................................................................
   (शब्दों में) :–..........................................................................
   (दिनांक 01.01.2024 को आयु) :– ....................वर्ष....................माह......................दिन
6. जाति (अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / अन्य) :–..........................................................................
   (सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें)
7. पत्र व्यवहार का पता :–..........................................................................
   (दूरभाष / मोबाईल नं. व पिन कोड सहित) :–..........................................................................
   :–..........................................................................
8. स्थायी पता :–..........................................................................
   (दूरभाष / मोबाईल नं. व पिन कोड सहित) :–..........................................................................
   :–..........................................................................
9. क्या आप विवाहित है? हाँ / नहीं :–..........................................................................
10. क्या दो से अधिक जीवित संतान है ? :–..........................................................................
    (यदि हों तो तीसरी संतान की जन्म तिथि) :–..........................................................................
11. क्या आवेदक निःशक्त है ? हाँ / नहीं :–..........................................................................
    (निःशक्तता संबंधी मेडिकल बोर्ड की सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।)
12. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है, हाँ या नहीं :–..........................................................................
13. क्या आवेदक को पूर्व मे अनियमितता के आधार पर पद से पृथक किया गया है अथवा उनकी संविदा सेवा वृद्धि नहीं की गयी है, यदि हां तो जानकारी देवें :–..........................................................................

14. शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता का विवरण :–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | विषय | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* | *9* |
| 1. | | | | | | | | |
| 2. | | | | | | | | |
| 3. | | | | | | | | |
| 4. | | | | | | | | |
| 5. | | | | | | | | |

15. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव संबंधी विवरण :–

| पद का नाम | कार्यालय का नाम एवं पता | अनुभव प्रमाण पत्र क्रमांक एवं दिनांक | कार्यरत अवधि |
|---|---|---|---|
| | | | दिनांक............................................ से<br>दिनांक............................................तक<br>कुल वर्ष ........................................<br>माह ................................................ |

16. संलग्न स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों की विवरण :–

1. ........................................................ 2. ...................................................................

3. ......................................................... 4. ...................................................................

5. ......................................................... 6. ...................................................................

7. ......................................................... 8. ...................................................................

..................................................

(आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर)

---

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेंरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है। यदि चयन होने तथा भविष्य में किसी भी स्तर पर असत्य पाये जाने पर मेरी सेवाएं समाप्त कर मेरे विरूद्ध कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

दिनांक :–...............................

स्थान :–...............................

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम एवं पता...........................................